Sixteenth Loksabha

an>

title: Regarding railway facilties in Tikamgarh Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) : अध्यक्ष महोदया, मेरे क्षेत्र स्थित छत्तरपुर रेल सुविधाओं की दृष्टि से अभी भी काफी पीछे है। झांसी से खजुराहो तक मात्र एक पैसेंजर ट्रेन चलती थी। अभी पिछले दिनों 13 जून से खजुराहो से भोपाल तथा भोपाल से खजुराहो महामना एक्सप्रेस ट्रेन चलनी प्रारंभ हुई है। इस ट्रेन की जो समय-सारणी है, उसका समय ठीक नहीं होने के कारण मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों को इस ट्रेन की सुविधा का जो लाभ मिलना चाहिए, वह उतने अच्छे ढंग से नहीं मिल पा रहा है। यह ट्रेन भोपाल से सुबह 6.50 पर चल कर टीकमगढ़, छत्तरपुर होते हुए खजुराहो दोपहर एक बज कर 40 मिनट पर पहुंचती है और खजुराहो से शाम 4 बज कर 15 मिनट पर चलकर भोपाल में रात्रि 10. 55 पर पहुंचती है।

अध्यक्ष महोदया, टीकमगढ़ तथा छत्तरपुर बहुत ही पिछड़ा क्षेत्र है और यहां के लोग जब शासकीय कार्य हेतु भोपाल जाते हैं, वे शाम की ट्रेन से जाते हैं, तो उनको वहां पर रात्रि में रूकना पड़ता है। दूसरे दिन भोपाल में अपना काम करा कर फिर शाम को उनको ट्रेन उपलबध नहीं होती है। अगले दिन जब भोपाल से प्रातःकाल ट्रेन मिलती है, तो उसी दिन टीकमगढ़, छत्तरपुर वापिस आते हैं। उन लोगों के पास इतना पैसा नहीं होता है कि वे दो दिनों तक होटल में ठहरने का अपना खर्च वहन कर सकें।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि टीकमगढ-छत्तरपुर के लोगों की कठिनाइयों को अनुभव करते हुए, महामना एक्सप्रेस की समय-सारणी को परिवर्तित करते हुए, इसको खजुराहो से सुबह पाँच-छह बजे के आस-पास चलाया जाए, ताकि यह ट्रेन 11 बजे के आस-पास भोपाल पहुंच जाए और शाम को भोपाल से छह बजे के आस-पास चलायी जाए, ताकि खजुराहो रात्रि 12 बजे तक पहुंच जाए।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप इतना लंबा-चौड़ा न बोलें। अब, अपनी बात समाप्त कीजिए।

…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

श्री सुधीर गुप्ता,

श्री आलोक संजर,

श्री नागेन्द्र सिंह तथा

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को डॉ. वीरेन्द्र कुमार द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।